रांची

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

www.vananchaleye@gmail.com

हर खबर पर पहली नजर

₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 | वर्ष:01 | अंक:50 | शुक्रवार,24 अक्टूबर



## ब्रीफ न्यूज

### बैंक खातों में अब हो सकते हैं चार नॉमिनी

एजेंसी

नई दिल्ली : अगले महीने से बैंक ग्राहक अपने खाते में अधिकतम चार नॉमिनी का विकल्प चुन सकेंगे। इस सुविधा का मकसद बैंकिंग प्रणाली में दावों के निपटान में एकरूपता और दक्षता सुनिश्चित करना है। वित्त मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी एक बयान में इस फैसले की जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि बैंकिंग कानून (संशोधन) अधिनियम 2025 के तहत नामांकन से संबंधित प्रमुख प्रावधान 1 नवंबर 2025 से प्रभावी होंगे। नए संशोधनों के अनुसार ग्राहक एक साथ या क्रमिक रूप से अधिकतम चार लोगों को नामांकित कर सकते हैं।

### बीएसएफ ने भारत-पाक सीमा पर दो ड्रोन गिराए

एजेंसी

चंडीगढ़ : सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब की सीमाओं पर कार्रवाई करते हुए दो पाकिस्तानी ड्रोन निष्क्रिय कर दिए। बीएसएफ ने एक तस्कर को काबू करके हेरोइन भी बरामद की। बीएसएफ ने यह कार्रवाई अमृतसर व फिरोजपुर सैक्टर में की है। बीएसएफ और अमृतसर एंटी टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने भुल्लर गांव के पास एक भारतीय तस्कर को गिरफ्तार किया।

### अंतरिक्ष वैज्ञानिक एकनाथ वसंत नहीं रहे

एजेंसी

दिल्ली :प्रख्यात भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक एकनाथ वसंत चिटनिस का बुधवार को पुणे स्थित उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 100 वर्ष के थे। भारत के अंतरिक्ष इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति के रूप में मशहूर चिटनिस ने भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान समिति की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी।

### मंईयां योजना : छठ से पहले मिलेगी दो महीनों की किस्त झारखंड सरकार ने

संवादाता

लाभुकों के लिए बड़ी राहत की घोषणा की है। जिन महिलाओं को 14वीं किस्त का भुगतान नहीं मिल पाया था, उन्हें इस महीने दो किस्तों का भुगतान एक साथ किया जाएगा। यानी प्रत्येक लाभुक महिला के खाते में 5,000 की राशि भेजी जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार, पिछली किस्त से वंचित सभी महिलाओं को 14वीं और 15वीं दोनों किस्तें एक साथ दी जाएंगी। इससे महिलाओं को योजना का पूरा लाभ और त्योहारों से पहले दोहरी राहत मिलेगी।

# 'जंगलराज' पर अगले 100 वर्षों तक होती रहेगी चर्चा : पीएम

### ऑडियो कॉन्फ्रेंस से 'मेरा बूथ सबसे मजबूत : युवा संवाद' को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया संबोधित

## देश में चल रहा विकास का 'महायज्ञ'

एजेंसी

नई दिल्ली :गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बिहार में जंगलराज पर अगले 100 वर्षों तक चर्च चलती रहेगी। विपक्ष अपने कुकृत्यों को छिपाने की कितनी भी कोशिश कर ले, जनता उसे माफ नहीं करेगी। तेजस्वी यादव को बिहार चुनाव के लिए महागठबंधन का मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए जाने के बीच राजद-कांग्रेस गठबंधन पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'गठबंधन' नहीं, बल्कि 'लठबंधन' (अपराधियों का गठबंधन) है, क्योंकि दिल्ली और बिहार के इसके



सभी नेता जमानत पर बाहर हैं। मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकताओं से यह सुनिश्चित करने को कहा कि बुजुर्ग लोग युवाओं को जंगलराज के दौरान हुएअत्याचारों के बारे में जानकारी दें।मोदी ने कहा, मैं बिहार के सभी युवाओं से कहूंगा कि वे हर बूथ पर युवाओं को इकट्ठा करें और उस क्षेत्र के बुजुर्गों को बुलाकर 'जंगलराज' की पुरानी कहानियां सबको बताएं। उन्होंने एक भाजपा कार्यकर्ता से बातचीत करते हुए कहा कि देश में विकास का एक 'महायज्ञ' चल रहा है तथा केंद्र और बिहार में स्थिर सरकार के कारण चौतरफा काम हो रहा है। मोदी ने कहा, बिहार में हर क्षेत्र में, हर दिशा में काम हो रहा है। अस्पताल बन रहे हैं, अच्छे स्कूल स्थापित हो रहे हैं और नए रेल मार्ग विकसित किए जा रहे हैं। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि देश और बिहार में एक स्थिर सरकार है। जब स्थिरता होती है, तो विकास तेज होता है। यही बिहार की राजग सरकार कीताकत भी है।



नई दिल्ली:भारत सरकार के यशस्वी रक्षा मंत्री आदरणीय राजनाथ सिंह जी से आज केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने दिल्ली में मुलाकात कर, उन्हें दीपावली की बधाई और शुभकामनाएं दिया।इस अवसर पर उनका स्नेह और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

### संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने की घोषणा

# महागठबंधन ने तेजस्वी को घोषित किया सीएम कैंडिडेट

एजेंसी

पटना : बिहार में महागठबंधन ने तेजस्वी यादव को सीएम का चेहरा घोषित कर दिया है। गुरुवार को पटना में महागठबंधन की ज्वायंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने तेजस्वी यादव के नाम का एलान किया। महागठबंधन की अन्य पार्टियों के नेताओं ने भी एकजुटता दिखाते हुए कहा कि वे तेजस्वी यादव के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि तेजस्वी यादव ही अगले मुख्यमंत्री होंगे। इसी के साथ मुकेश सहनी को डिप्टी सीएम का उम्मीदवार घोषित किया गया है। साथ ही, यह भी कहा गया है कि चुनाव के बाद और भी उपमुख्यमंत्री अलग-अलग वर्गों से बनाए जाएंगे। कांग्रेस





नेता गहलोत ने नेशनल डेमोक्रैटिक अलायंस पर हमला बोलते हुए कहा कि नफरत की राजनीति के खिलाफ हम तेजस्वी की अगुवाई में लड़ेंगे। अपने नाम का एलान होने के बाद तेजस्वी ने कहा कि महागठबंधन ने मुझ पर फिर से भरोसा जताया है। सभी का दिल से धन्यवाद है। सबसे कहना चाहता हूं कि जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरेंगे। 20 साल पुरानी निकम्मी सरकार को उखाड़कर फेंकेंगे। उन्होंने कहा कि सीएम का चेहरा घोषित किए जाने को लिए मीडिया ज्यादा बेताब थी, वह नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि उनका सपना सरकार बनाना या सीएम बनना नहीं बल्कि नया बिहार बनाने का है। इस मौके पर मंच पर तेजस्वी यादव, अशोक गहलोत, मुकेश सहनी, दीपांकर भट्टाचार्य, पवन खेड़ा, अब्दुल बारी सिद्दीकी, आई पी गुप्ता और कृष्णा अलावरू जैसे नेता मौजूद थे। तेजस्वी ने भी अशोक गहलोत का सवाल दोहराते हुए पूछा कि एनडीए की ओर से ऐसी ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस कब की जाएगी? बता दें कि आरजेडी ने कुल 143 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। वहीं, कांग्रेस ने 62, सीपीआई (माले) ने 20 और मुकेश सहनी की वीआईपी ने कुल 15 उम्मीदवार उतारे हैं। सीपीएम ने कुल 4 उम्मीदवार उतारे हैं। आरजेडी और वीआईपी के एक-एक उम्मीदवार का नामांकन खारिज भी हो चुका है। इंडियन इन्क्लूसिव पार्टी को भी दो सीटें गई हैं। नाराज हो गए पप्पू यादव : जहां लेफ्ट, आरजेडी और कांग्रेस के नेता तेजस्वी के नाम का स्वागत करते नजर आए। पप्पू यादव ने सिर्फ तेजस्वी यादव की तस्वीर लगाए जाने पर सवाल उठा दिए। उन्होंने कहा, 'वोट तो राहुल गांधी के नाम और चेहरे पर मिलेगा। उनके बिना कोई अस्तित्व नहीं है,

### औरंगाबाद में राजग उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा

## विकास की एक नई इबारत लिख रहा बिहार : जेपी नड्डा

एजेंसी

नई दिल्ली :गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने एक चुनावी जनसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को विकास का प्रतीक बताया, जबकि विपक्षी दलों के महागठबंधन को विनाश का प्रतीक करार दिया। उन्होंने कहा कि राजग सरकार की विकासपरक नीतियों के कारण आज बिहार प्रगति के रास्ते पर तेज गति से दौड़ रहा है। आज बिहार सड़क से लेकर एयरपोर्ट तक विकास की एक नई इबारत लिख रहा है।जेपी नड्डा ने औरंगाबाद जिले के गोह में राजग उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा में कहा कि बिहार की जनता राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस के शासनकाल के इतिहास से अच्छी तरह परिचित है। भाजपा-नीत राजग विकास का प्रतीक है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के समग्र



विकास के लिए हर संभव प्रयास किया है। नड्डा ने राजद के तीन अक्षरों को लेकर दावा किया कि रा का मतलब रंगदारी (जबरन वसूली), ज का मतलब जंगल राज और द का मतलब दादागिरी है। नड्डा ने महागठबंधन को विनाश का प्रतीक बताया और राजद की पिछली सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि बिहार के लोग आज भी जंगल राज को याद करते हैं तो सिहर जाते हैं। उन्होंने कहा कि लालू और तेजस्वी ने अपने कुशासन के बारे में एक शब्द नहीं बोला, न ही अपनेगुंडाराज पर जनता से माफी मांगी।

## पुलिस मुख्यालय ने प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भेजा, मंजूरी मिलते ही जारी होगी अधिसूचना

संवादाता

भारतीय पुलिस सेवा के झारखंड कैडर के 16 अधिकारियों का जल्द प्रमोशन होगा। लगभग दो माह के बाद उन्हें प्रोन्नति मिल जाएगी। प्रमोशन में एडीजी, आईजी, डीआईजी और एसपी से सेलेक्शन ग्रेड तक के पद शामिल हैं। पुलिस मुख्यालय ने इन सभी पदोन्नतियों से संबंधित प्रस्ताव तैयार कर गृह सचिव के माध्यम से राज्य सरकार को भेज दिया है। सूत्रों के अनुसार, राज्य सरकार की मंजूरी मिलते ही जल्द ही इसकी औपचारिक अधिसूचना जारी कर दी जाएगी।2013 बैच के छह एसपी रैंक के अधिकारियों को सेलेक्शन ग्रेड में पदोन्नत किया जाएगा। इनमें हुर्दीप पी.





जनार्दनन, निधि द्विवेदी, अंशुमान कुमार, प्रशांत आनंद, हरिलाल चौहान और एक अन्य अधिकारी शामिल हैं। इन पदोन्नतियों के बाद झारखंड पुलिस में कई महत्वपूर्ण पदों पर नए सिरे से तैनाती देखने को मिल सकती है। मनोज कौशिक (2001 बैच) को एडीजी रैंक में पदोन्नत किया जाएगा। वे वर्तमान में रांची जोनल आईजी के साथ-साथ सीआईडीआईजी का भी कार्यभार संभाल रहे हैं। 2008 बैच के तीन अधिकारियों को डीआईजी से आईजी रैंक में पदोन्नत करने का प्रस्ताव भेजा गया है। इनमें अनीश गुप्ता वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर सीबीआई में डीआईजी के पद पर कार्यरत हैं। एम. तमिलवानन नेशनल पुलिस अकादमी हैदराबाद में तैनात हैं। अजय लिंडा वर्तमान में डीआईजी, होमगार्ड एवं फायर सर्विस के पद पर कार्यरत हैं। कुसुम पुनिया (2010 बैच) को डीआइजी रैंक में पदोन्नति दी जाएगी। इनके अलावा 2012 बैच के पांच अधिकारियों- किशोर कौशल, अखिलेश वी. वरियर, अंजनी कुमार झा, मोहम्मद अर्शी और आनंद प्रकाश को भी डीआईजी रैंक में पदोन्नत किया जाएगा।

### अब बिहार-बंगाल में भी निवेश की होगी जांच

## शराब व जमीन घोटाले में एसीबी को मिला विनय का दुबई कनेक्शन

संवादाता

रांचीः झारखंड के चर्चित शराब घोटाला और हजारीबाग में हुए लैंड स्कैम की एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम जांच कर रही है। अब तक की जांच में एजेंसी को व्यवसायी विनय सिंह के संदिग्ध लोन और अवैध निवेश का पता चला है। इसके बाद एसीबी अब मनी लॉन्ड्रिंग के नेटवर्क भी खंगालने में जुट गई है। जांच में यह जानकारी सामने आई है कि झारखंड और बिहार के अलावा विनय सिंह की कंपनी से देश के बाहर भी बड़ी रकम भेजी गई है। करोड़ों रुपये दुबई भेजे गए हैं और उसे वहीं इन्वेस्ट (निवेश)






किया गया है। इस पूरे खेल में राज्य के नौकरशाह भी शामिल हैं। एसीबी की टीम इस बात की भी जानकारी इकट्ठा कर रही है कि विनय सिंह ने रांची, हजारीबाग, गुमला, धनबाद के अलावा बंगाल के कोलकाता और बिहार के लखीसराय व पटना में कहां और कितनी चल और अचल संपति अर्जित की है।

**सशक्तीकरण** | भारतीय सेना होगी और सशक्त, केंद्र सरकार ने उठाया बड़ा कदम

# 79 हजार करोड़ की डिफेंस डील, मिलेंगे आधुनिक हथियार

एजेंसी

नई दिल्ली : देश की रक्षा क्षमताओं को और अधिक मजबूत करने की दिशा में केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने करीब 79 हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी दी है। यह निर्णय न केवल थलसेना, नौसेना और वायुसेना की युद्धक क्षमता में इजाफा करेगा, बल्कि आत्मनिर्भर भारत और ह्यमेक इन इंडिया के लक्ष्य की दिशा में भी अहम कदम माना जा रहा है। 23 अक्टूबर 2025 को नई दिल्ली स्थित साउथ ब्लॉक में हुई इस अहम बैठक में तीनों सेनाओंकी कई परियोजनाओं



को हरी झंडी दी गई। थलसेना के लिए नाग मिसाइल सिस्टम एमके-क्क्, ग्राउंड बेस्ड मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस सिस्टम और हाई मोबिलिटी व्हीकल्स की खरीद शामिल है। नाग मिसाइल दुश्मन के टैंक, बंकर और किलेबंद ठिकानों को नष्ट करने में सक्षम है और इसे कठिन इलाकों में तैनात किया जा सकेगा। इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस सिस्टम से दुश्मन की रेडियो तरंगों और इलेक्ट्रॉनिक उत्सर्जनों की 24 घंटे निगरानी की जा सकेगी। हाई मोबिलिटी व्हीकल्स रसद आपूर्ति और उपकरणों की त्वरित तैनाती में मदद करेंगे। नौसेना के लिए लैंडिंग प्लेटफॉर्म डॉक्स, एडवांस्ड लाइट वेट टॉरपीडो, 30 मिमी नेवल सरफेस गन और स्मार्ट गोला-बारूद की खरीद को मंजूरी दी गई है। इन आधुनिक प्रणालियों से नौसेना की उभयचर युद्धक क्षमता और समुद्री निगरानी शक्ति में सुधार होगा। वायुसेना के लिए कॉलैबोरेटिव लॉन्ग रेंज टारगेट सैचुरेशन / डिस्ट्रक्शन सिस्टम और अन्य अत्याधुनिक प्रणालियों की खरीद को हरी झंडी मिली है। ये सिस्टम स्वचालित टेकऑफ, लैंडिंग, नेविगेशन और सटीक हमले की क्षमता रखते हैं, जिससे वायुसेना की रणनीतिक हमलावर क्षमता बढ़ेगी। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इन परियोजनाओं के लागू होने से भारत की तीनों सेनाएं आधुनिक हथियारों और स्वदेशी तकनीक के साथ किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार होंगी।थलसेना के लिए नाग मिसाइल सिस्टम एमके-क्क्, ग्राउंड बेस्ड मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस सिस्टम और हाई मोबिलिटी व्हीकल्स की खरीद शामिल है। नाग मिसाइल दुश्मन के टैंक, बंकर और किलेबंद ठिकानों को नष्ट करने में सक्षम है और इसे कठिन इलाकों में तैनात किया जा सकेगा।

## दिल्ली में बिहार के अपराधियों का एनकाउंटर, चुनाव में आतंक मचाने का था प्लान

### रोहिणी मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी रंजन पाठक व उसके 'सिग्मा गैंग' का हुआ अंत

एजेंसी

नई दिल्ली::देश की राजधानी दिल्ली के रोहिणी इलाके में पुलिस मुठभेड़ में बिहार के कुख्यात अपराधी रंजन पाठक और उसके गिरोह के तीन प्रमुख सदस्य मारे गए। इसके साथ ही 'सिग्मा गैंग' का अंत हो गया। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा और बिहार पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यह मुठभेड़ 22-23 अक्टूबर की रात करीब 2.20 बजे बेगमपुर इलाके में हुई। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के संयुक्त आयुक्त सुरेंद्र कुमार ने बताया कि संयुक्त टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि बिहार का वांछित अपराधी रंजन पाठक अपने साथियों के साथ दिल्ली में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने पहुंचने वाला है। पुलिस ने घेराबंदीकी। पुलिस से खुद को घिरा देखकर अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी, तो पुलिस ने





जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ में चारों अपराधी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।बिहार पुलिस अब इस गिरोह से जुड़े बाकी सदस्यों की तलाश में जुटी है। सूत्रों का कहना है कि यह गिरोह बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने वाला था। मृतकों में 25 वर्षीय रंजन पाठक (मलाही गांव, सुरसंड, सीतामढ़ी), 25 वर्षीय बिमलेश महतो उर्फ बिमलेश साहनी (रतवारा गांव, बाजपट्टी थाना क्षेत्र), 21 वर्षीय अमन ठाकुर (दोस्तियां गांव, शिवहर) और 33 वर्षीय मनीष पाठक (शेरपुर गांव, करावल नगर, दिल्ली) का रहने वाला था।

# झारखंड में महापर्व छठ को लेकर एनडीआरएफ अलर्ट, रांची समेत कई जिलों में टीमें रहेंगी मुस्तैद

रांची, संवाददाता।

झारखंड में छठ महापर्व को लेकर सुरक्षा और आपदा प्रबंधन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमें राज्य के प्रमुख जिलों रांची, हजारीबाग और जमशेदपुर में तैनात की जाएंगी. हर साल की तरह इस बार भी छठ पर्व के मौके पर लाखों श्रद्धालु नदियों, तालाबों और जलाशयों के किनारे छठ पर्व मनाने जुटेंगे. ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन और एनडीआरएफ दोनों स्तर पर विशेष व्यवस्था की गई है. एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट विनय कुमार ने बताया कि बल की ओर से सभी जरूरी रिहर्सल और मॉकड्रिल पूरी कर ली गई हैं. घाटों पर सुरक्षा, जलस्तर की निगरानी, नाविक दलों की सहायता और संभावित आपात स्थितियों से निपटने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं.



छठ पर्व के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए हमारी टीमें पूरी तरह अलर्ट रहेंगी. राज्य आपदा प्रबंधन विभाग और स्थानीय प्रशासन के समन्वय से एनडीआरएफ की टीमें नदी घाटों, जलाशयों और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में तैनात रहेंगी. साथ ही जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक उपकरण, बोट, लाइफ जैकेट, रस्सी और मेडिकल किट भी उपलब्ध कराई जा रही है.

**रांची के इन छठ घाटों पर विशेष इंतजाम**

रांची के हरमू, कांड्रा रोड, कांके डैम, रांची लेक, हटिया और धुर्वा जैसे प्रमुख छठ घाटों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं. जिला प्रशासन ने साफ-सफाई, लाइटिंग और बैरिकेडिंग का कार्य लगभग पूरा कर लिया है. जलाशयों की गहराई को चिन्हित कर सीमांकन कर दिया गया है, ताकि श्रद्धालु अनजाने में गहरे पानी की ओर न बढ़ें. एनडीआरएफ की टीम ने स्थानीय गोताखोरों और वॉलेंटियर ग्रुप्स के साथ मिलकर रिहर्सल भी की है. रांची सहित अन्य जिलों में छठ घाटों पर मॉकड्रिल की गई है, ताकि किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में तुरंत राहत कार्य शुरू किया जा सके. विनय कुमार ने बताया कि एनडीआरएफ की टीमें स्थानीय पुलिस, नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर काम करेंगी. उन्होंने कहा कि छठ के दौरान जनसमूह काफी बड़ा होता है. हमारा प्रयास रहेगा कि लोग बिना किसी डर और असुविधा के पूजा-अर्चना कर सकें. हर टीम को विशेष रूप से भीड़ नियंत्रण और बचाव कार्यों के लिए प्रशिक्षित किया गया है. छठ महापर्व के दौरान रांची सहित पूरे झारखंड में नदियों और तालाबों के किनारे लाखों श्रद्धालु अर्घ्य देने के लिए जुटते हैं. इस दौरान जरा सी असावधानी हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए एनडीआरएफ ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे सुरक्षा बैरिकेडिंग को पार न करें और गहरे पानी में न जाएं. टीम ने यह भी कहा है कि घाटों पर आने वाले छोटे बच्चों और बुजुर्गों पर विशेष ध्यान रखा जाए और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सुरक्षा कर्मियों को सूचित किया जाए. जिला प्रशासन की ओर से घाटों पर अनाउंसमेंट और नियंत्रण कक्षों की व्यवस्था की जा रही है,ताकि भीड़ को समय-समय पर दिशा-निर्देश दिए जा सकें. वहीं, महिला श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई घाटों पर अलग चेंजिंग रूम और सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए हैं. प्रशासनिक टीमें लगातार निगरानी में जुटी हैं.रांची नगर निगम के कर्मचारी सफाई और जल निकासी का कार्य तेजी से कर रहे हैं.घाटों के चारों ओर अस्थायी प्रकाश व्यवस्था की गई है,ताकि शाम और रात के समय श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो.

# झारखंड के 55.66 फीसदी सरकारी स्कूलों में इंटरनेट की सुविधा, पिछले साल की तुलना में 5.58 फीसदी की वृद्धि

रांची, संवाददाता।

राज्य के सरकारी स्कूलों में अब तक 55.66 फीसदी ही इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध हो पाई है. हालांकि पिछले साल की तुलना में 5.58 फीसदी इंटरनेट की सुविधा में विस्तार हुआ है. पिछले साल तक 50.07 फीसदी स्कूलों में ही इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध थी. वहीं 96.60 फीसदी स्कूलों में बिजली पहुंच गई है. पिछले साल 96.29 फीसदी स्कूलों में बिजली की सुविधा उपलब्ध थी. इसमें भी 0.31 फीसदी की वृद्धि हुई है. सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर और किचन गार्डन की सुविधा के मामले में काफी पीछे हैं. सिर्फ 12.87 फीसदी स्कूलों में ही कंप्यूटर की सुविधा उपलब्ध है. पिछले साल यह सुविधा 10.01 फीसदी स्कूलों में ही थी. इसमें 2.86 फीसदी का इजाफा हुआ है. वहीं किचन गार्डेन के मामले में 5.45 फीसदी का विस्तार हुआ है. पिछले साल तक यह सुविधा 22.79 फीसदी स्कूलों तक ही थी, जो अब बढ़कर 28.25 फीसदी हो गई है. राज्य 69.72 फीसदी स्कूलों में ही खेल के मैदान है. पिछले साल की तुलना में 0.05 फीसदी खेल के मैदान कम हुए हैं. पिछले साल 69.77 फीसदी स्कूलों में खेल के मैदान थे. जो अब 69.72 फीसदी ही रह गए हैं. इसी तरह 24.32 फीसदी स्कूलों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम हैं. पिछले साल 23.15 स्कूलों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम था. इसमें 1.16 फीसदी की वृद्धि हुई है.

**कितने फीसदी स्कूलों में किस चीज की सुविधा**



| | |
|---|---|
| बिजली कनेक्शन- 96.60 फीसदी | कंप्यूटर फैसिलिटी- 12.87 फीसदी |
| शौचालय- 98.61 फीसदी | इंटरनेट फैसिलिटी- 55.66 फीसदी |
| बॉयज टॉयलेट: 97.74 फीसदी | किचन गार्डेन: 28.25 फीसदी |
| गर्ल्स टॉयलेट: 98.58 फीसदी | रेन वाटर हार्वेस्टिंग: 24.32 फीसदी |
| हैंडवॉश फैसिलिटी- 93.70 फीसदी | लाइब्रेरी, रिडिंग कॉर्नर, बुक बैंक फैसिलिटी- 98.36 फीसदी |
| प्लेग्राउंड- 69.72 फीसदी | |

# पाकिस्तान से ड्रोन के जरिये मंगाए जा रहे हथियार, उच्च स्तरीय जांच कराएं सीएम : बाबूलाल मरांडी

रांची, संवाददाता।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया है. कहा है कि राजधानी रांची में पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हथियार और गोलियां मंगा कर अपराध किए जा रहे हैं. ये हथियार पंजाब के मोगा के रास्ते भारत लाए जा रहे हैं. इन हथियारों का इस्तेमाल रांची समेत देश के कई हिस्सों में बड़े कारोबारियों, पूंजीपतियों और व्यवसायियों को डराकर रंगदारी वसूली के लिए किया जा रहा है. यह मामला पुलिस के खुफिया तंत्र की विफलता को उजागर करता है.

**रंगदारी और वसूली से व्यवसायी वर्ग त्रस्त**

पूरे प्रदेश में रंगदारी और वसूली से व्यवसायी वर्ग त्रस्त हो चुका है. स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि धनबाद में ठेले-खोमचे वालों से लेकर बड़े प्रतिष्ठानों से खुलेआम रंगदारी वसूली की जा रही है.



कोयलांचल, बोकारो, जमशेदपुर, राजधानी रांची समेत अन्य शहरों में व्यवसायी वर्ग आतंक और असुरक्षा के माहौल में जी रहे हैं. कई लोग अपने प्रतिष्ठानों से मोबाइल नंबर हटाने पर मजबूर हो गए हैं, जबकि कुछ ने तो भय के कारण कारोबार बंद कर राज्य से पलायन तक कर लिया है. सवाल यह है कि पुलिस को इस पूरे गिरोह की भनक क्यों नहीं लगी? या वसूली में हिस्सेदारी की वजह से ही पुलिस पाकिस्तान से हथियार आयात करने वाले गिरोह को संरक्षण देती आई है? पुलिस की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता.

# जीईएल चर्च में पहली बार महिला बिशप बनाने की जगी उम्मीद

रांची, संवाददाता।

गोस्सनर मध्य विद्यालय बेथेसदा कंपाउंड में 52 पादरियों के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जुबली महोत्सव दूसरे दिन भी जारी रहा. महिला पुरोहित अभिषेक के 25 वर्ष रजत जंयती समारोह में महिला सशक्तिकरण की नई उम्मीद उठी है. कार्यक्रम में अब पहली बार महिला बिशप बनाए जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है. कार्यक्रम में मोडरेटर मार्सल केरकेट्टा, पूर्व मोडरेटर जोहन डांग, सचिव ईश्वर दत्त कंडुलना, मिशन अध्यक्ष आशिषन बागे, महिला अध्यक्ष सोसोरिता कंडुलना और पादरी इदन टोपनो, पादरी पुष्पा टूटी की अगुवाई में मोमेंटम का अनावरण किया गया. इस मौके पर कोलेबिरा विधायक विल्सन कोनगाड़ी, राज्यसभा सांसद महुआ मांझी और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने भी अपने विचार रखे. मंत्री ने कहा कि महिलाओं की सफलता और



संघर्ष दोनों को याद करना जरूरी है. समाज में जो मानसिक गुलामी चली आ रही है. उसे तोड़ने का समय अब आ गया है.

उन्होंने कहा कि जब महिलाएं पुरोहित बन सकती हैं, तो अब बिशप क्यों नहीं? आने वाला समय महिला नेतृत्व का है. उन्होंने कहा कि समाज में 50 प्रतिशत महिलाएं की सीटे आरक्षित हैं, लेकिन प्रतिनिधित्व अब भी सीमित है. ऐसे में महिला पादरियों की भूमिका आगे बढ़ाने की जरूरत है ताकि वे समाज के दर्द को और संवेदना से समझ सकें. महिला पादरियों को अंधविश्वास को दूर करने की आवश्यकता है. क्योंकि सुदुर गांवों खूंटी, गुमला, लोहरदगा जैसे गांवों में महिलाओं को डायन बताकर प्रताड़ित किया जाता है. उनकी हत्या की जा रही है. ऐसे अंधविश्वास को रोकना जरूरी है. लुथरेन वर्ल्ड फेडरेशन के सदस्य रंजीता बोरगुअरी ने कहा कि जीईएल चर्च की 52 महिला पादरियों ने यीशु मसीह की अगुवाई में इतिहास रचा है. तीन महिला पादरियों को बिशप मोडरेटर द्वारा पुरोहिताई अभिषेक दिया गया था. आज यह 52 महिलाएं पादरी बन गए है.

अब इस जीईएल चर्च में महिला नेतृत्व करने का मौका मिले. इसके लिए महिलाओं को आगे आगे आना होगा. 25 साल की इस जुबली महोत्सव में अब समय आ गया है कि चर्च में एक महिला बिशप बने. 2026 में किसी महिला पादरी को बिशप या सचिव के रूप में देखने की उम्मीद है. राज्य सभा सांसद महुआ मांझी ने कहा कि महिला पादरियों को बधाई देते हुए कहा कि आज देश महिला सशक्तिकरण की ओर बढ़ रहे है. इसे समाज द्वारा स्वीकृति मिल रही है. आज महिलाएं उच्चे पायदान की ओर आगे बढ़ रही है, समाज का नेतृत्व भी कर रही है. सरकार भी महिला सशक्तिकरण पर काम कर रहे है. महिलाओं के विकास और स्वावलंबी के लिए कई योजनाए चालु किए है. इसका लाभ सभी महिलाएं उठाये.

# सरना रतन वीरेंद्र भगत स्मृति में होगा फुटबॉल टूर्नामेंट, विजेताओं को मिलेगा 5 लाख रुपये



रांची, संवाददाता।

आदिवासी एकता फुटबॉल मंच के तत्वाधान में सरना रत्न दादा वीरेंद्र भगत मेमोरियल फुटबॉल टूनामेंट 2025 के आयोजन को लेकर वीर बुधू भगत भवन अरगोड़ा में बैठक की गई. इसमें अरगोड़ा, हरमू, डीबाडीह, कडरू के युवा खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी शामिल हुए. इसकी अध्यक्षता विद्यासागर केरकेट्टा ने किया. टूनार्मेंट का आयोजन हरमू मैदान में किया जाएगा. इसमें देश-विदेश के खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे. यह टूनार्मेंट 16 से 23 दिसंबर तक होगा. इसमें 16 टीमें भाग लेंगी. फुटबॉल टूनार्मेंट में प्रथम पुरस्कार विजेता टीम को 3 लाख रूपए, द्वितीय पुरस्कार 2 लाख तृतीय व चतुर्थ पुरस्कार के रूप में 35-35 हजार दिया जाएगा. मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज जैसे अन्य पुरस्कार रखे गए हैं. टूनार्मेंट एंट्री (नामांकन) जारी है, जिसकी अंतिम तिथि 10 दिसंबर 2025 रखी गई है. नामांकन शुल्क 25 हजार रखा गया है. मौके पर मुख्य संयोजक विशाल तिग्गा, राजू तिग्गा, झरी लिंडा, सुशांत तिर्की सहित दिनेश कच्छप, सुधीर उरांव, रवि तिग्गा, प्रदीप तिर्की, चिराग, कृष्णा तिग्गा, देवचरण कच्छप, दीपक तिग्गा, बिल्ला लोहरा, राजेश कुजूर, संजय कुजूर समेत अन्य शामिल है.

**रांची में छठ घाटों का निरीक्षण करने निकले केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, बोले-**

# स्वदेशी वस्तु को बढ़ावा देता है छठ महापर्व

रांची, संवाददाता।

लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर जलाशयों की साफ-सफाई और लाइटिंग की तैयारी अंतिम चरण में है. प्रशासनिक स्तर के साथ साथ सामाजिक कार्यकर्ता और छठ पूजा समितियों की ओर से छठ घाट को तैयार करने में लगे हैं. बुधवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राजधानी के विभिन्न छठ घाटों पर की जा रही व्यवस्था को देखने निकले.

**केंद्रीय राज्य मंत्री ने किया घाटों का निरीक्षण**

करीब 12 से अधिक छठ घाट का निरीक्षण करने के बाद राजधानी के डोरंडा स्थित बटन तालाब पहुंचे संजय सेठ ने स्थानीय चन्द्रशेखर आजाद छठ पूजा समिति के द्वारा तैयारियों का जायजा लिया. इस दौरान पूजा समिति के सदस्यों द्वारा तालाब में सामान्य दिनों में स्नान करने वाली महिलाओं के लिए स्थायी चेंजिंग रुम बनाने का आग्रह किया, जिसे बनाने का आश्वासन केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री



ने दिया है.

**स्वदेशी को बढ़ावा देता है छठ महापर्व : संजय सेठ**

छठ घाटों का निरीक्षण करने निकले केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने ईटीवी भारत से बातचीत में कहा कि इस साल भारी बारिश की वजह से जलाशयों में पानी बहुत है. ऐसे में छठव्रतियों को किसी तरह की परेशानी ना हो, इसका खास ध्यान रखा जा रहा है. छठ घाटों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था होगी. इसके अलावा साफ सफाई का खास ध्यान रखा जा रहा है.

**छठ को लेकर लोगों में उत्साह**

छठ व्रतियों के लिए कपड़ा बदलने के लिए अस्थायी चेंजिंग रुम बनाए जा रहे हैं. नगर निगम एवं सरकारी, गैर सरकारी स्तर पर छठ घाटों की साफ सफाई एवं तैयारी पर संतोष जाहिर करते हुए संजय सेठ ने कहा कि छठ को लेकर इस साल लोगों में उत्साह चरम पर है. यह उत्साह इसलिए है कि पीएम मोदी ने 'मन की बात' में जब यह कहा कि यूनेस्को की लिस्ट ऑफ फेस्टिवल में छठ भी शामिल है तो लोगों का उत्साह दोगुना हो गया है. केंद्रीय राज्य मंत्री ने आगे कहा कि इसके अलावा जीएसटी में कमी की वजह से भी लोग उत्साहित हैं. छठ पर्व तो स्वदेशी का जीता जागता उदाहरण है। जिसमें हर चीज स्वदेशी है और इसे अपनाने का संदेश देती है.

# रांची नगर निगम की बैठक : शहर को अतिक्रमण और गंदगी से मुक्त करने के निर्देश

रांची, संवाददाता।

रांची नगर निगम के प्रशासक सुशांत गौरव ने आज निगम सभागार में इनफोर्समेंट टीम के साथ समीक्षा बैठक की. बैठक में उन्होंने फील्ड में हो रही दिक्कतों की जानकारी ली और चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की. बैठक के दौरान प्रशासक ने शहर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाने के लिए कई जरूरी निर्देश दिए.

**अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज करें**

प्रशासक ने कहा कि शहर को जाम और अतिक्रमण से मुक्त बनाने के लिए युद्धस्तर पर अभियान चलाया जाए. मुख्य सड़कों और चौक-चौराहों से अवैध कब्जे तुरंत हटाए जाएं. सुशांत गौरव ने कहा कि सड़क या खुले स्थानों पर कचरा या निर्माण मलबा फेंकने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. सभी दुकानदारों को दो डस्टबिन रखना जरूरी है, ऐसा नहीं करने पर जुमार्ना लगेगा.

**तालाबों और जलाशयों की सफाई पर सख्त निर्देश**

प्रशासक ने कहा कि तालाबों में कचरा डालने या गंदगी फैलाने वालों पर चालान काटा जाए. अगर जरूरत पड़ी तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए. नगर निगम के काम में रुकावट डालने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है.

**छठ महापर्व को लेकर विशेष अभियान**

प्रशासक ने निर्देश दिया कि छठ पूजा से पहले तालाबों के आसपास रात में गश्त की जाए और असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाए. किसी भी तरह का अतिक्रमण मिलने पर तुरंत हटाया जाए. उन्होंने कहा कि यह अभियान छठ पर्व तक लगातार जारी रहेगा और पर्व के बाद साफ-सफाई और यातायात सुधार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. बैठक में उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू, सहायक प्रशासक, इनफोर्समेंट अधिकारी और अन्य निगम कर्मी मौजूद थे.

# छठ को लेकर रांची पुलिस अलर्ट, टाइगर और शक्ति कमांडो को मिला स्पेशल टास्क

रांची, संवाददाता।

छठ पर्व के दौरान चोरी, छेड़खानी और छिनतई जैसी वारदातों पर ब्रेक लगाने के लिए रांची पुलिस कई तरह के इंतजाम कर रही है. पुलिसकर्मियों की ड्यूटी शिफ्ट वाइज लगाई गई है. साथ ही शक्ति कमांडो और टाइगर जवानों को बड़ी जिम्मेवारी दी गई है. वहीं डायल 112 को बेहद एक्टिव किया गया है.

**बाइक पेट्रोलिंग पर जोर**

रांची पुलिस ने छठ के दौरान चोर-उचक्कों और मनचलों पर नकेल कसने के लिए तैयारी में जुट गई है. चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए शहर के सभी थाना क्षेत्रों में 24 घंटे बाइक दस्ता को गश्त लगाने का निर्देश दिया गया है. खासकर 27 और 28 अक्टूबर को छठ पूजा के अर्घ्य के दिन तीन शिफ्टों में मोटरसाइकिल दस्ता (टाइगर जवान) घूम-घूम कर बंद पड़े घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों पर निगरानी करेंगे, ताकि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके. वहीं शक्ति कमांडो छेड़खानी की वारदातों पर अंकुश लगाएगी. महापर्व छठ के दौरान इस बार 26 अक्टूबर को खरना है. जिसमें अधिकांश लोग प्रसाद ग्रहण करने के लिए अपने घरों से बाहर निकलते हैं. वहीं 27 अक्टूबर को शाम का अर्घ्य है. जिसमें लोग अपने घरों से निकल कर भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए डैम और तालाबों तक पहुंचते हैं. यही वजह है अर्घ्य के दिन पुलिसकर्मियों को विशेष रूप से अलर्ट रहने का निर्देश जारी किया गया है.

**तीन शिफ्ट में ड्यूटी**

रांची एसएसपी राकेश रंजन ने बताया कि छठ के दौरान सुरक्षा को लेकर तीन शिफ्ट में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है. आठ-आठ घंटे के तीन शिफ्टों में टाइगर मोबाइल दस्ते को लगाया गया है. इसके लिए शहर के हॉटस्पॉट चिह्नित किए गए हैं. सभी हॉटस्पॉट पर विशेष निगरानी रखी जाएगी. बाइक दस्ते के अलावा थाने की पेट्रोलिंग को भी निगरानी का निर्देश दिया गया है.

**महिला सुरक्षा पर विशेष फोकस**

रांची के एसएसपी राकेश रंजन ने बताया कि महिला सुरक्षा को लेकर विशेष फोकस किया गया है. छठ घाटों के आसपास सुरक्षा को लेकर बाइक दस्ते को तैनात किया जा रहा है. इसके अलावा नदी और तालाबों के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किए गए हैं.

**घर बंद कर के जानेवालों से पुलिस की अपील**



- घरों और अपार्टमेंट्स में सीसीटीवी कैमरा और अलार्म सिस्टम लगाएं.
- घर के किसी एक लाइट को जलता हुआ छोड़ें.
- पड़ोसी और वाचमैन को जरूर जानकारी देकर निकलें.
- कीमती सामान, नकद, जेवर को बैंक लॉकर में रखें.
- नजदीकी पुलिस स्टेशन को सूचना देकर जाएं.
- दिक्कत होने पर तुरंत डायल 112 पर कॉल करें.

# रांची में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से मिले लोहरदगा विधायक, 'वोट चोरी' के खिलाफ 26 हजार लोगों की हस्ताक्षरित कॉपी सौंपी

रांची, संवाददाता।

पूर्व मंत्री एवं लोहरदगा विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में चलाए गये 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान के तहत 26 हजार लोगों के हस्ताक्षरित दस्तावेज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को सौंपी. दरअसल, 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक राज्यभर में 'वोट चोरी' के खिलाफ चले हस्ताक्षर अभियान के तहत कम से कम 25 लाख लोगों का हस्ताक्षर कराकर उसे एआईसीसी को भेजने का लक्ष्य रखा गया है. लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से हस्ताक्षरित डॉक्यूमेंट्स को प्रदेश



कार्यालय में जमा कराए जाने की शुरूआत भी हो गई है. पूर्व मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने अपने विधानसभा क्षेत्र के आम लोगों के हस्ताक्षर वाला डॉक्यूमेंट्स प्रदेश अध्यक्ष को सौंपने के बाद कहा कि राहुल गांधी ने जिस तरह से बिना डरे और सबूतों के साथ वोट चोरी को पकड़ा है, वह न सिर्फ काबिले तारीफ है बल्कि यह लोकतंत्र को बचाने का भी एक प्रयास है. रामेश्वर उरांव ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में 'वोट चोर गद्दी छोड़' जन-जन का नारा बन गया है. वास्तव में यह लड़ाई अकेले राहुल गांधी या कांग्रेस की नहीं है बल्कि आमजन के हक और अधिकार की है. अगर लोकतंत्र में जनता के वोट की जगह वोट चोरी से सरकारें बनने लगी तो फिर लोकतंत्र नहीं बचेगा. हस्ताक्षरित डाक्यूमेंट्स को प्रदेश अध्यक्ष को सौंपते समय मीडिया प्रभारी और प्रदेश कांग्रेस महासचिव राकेश सिन्हा, प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के सह प्रभारी राजन वर्मा, प्रवक्ता खुर्शीद हसन रूमी की भी मौजूदगी रही.

**झारखंड में चलाया गया 'वोट चोरी' अभियान**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने तीन चरणों वाला देशव्यापी आंदोलन शुरू किया था, तीसरा चरण, जो 15 सितंबर से 15 अक्टूबर 2025 तक चला, वह था ह्य'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान. इस अभियान के तहत कांग्रेस के नेता-कार्यकर्ता एक समन्वित, घर-घर और जन-सम्पर्क अभियान के माध्यम से लोगों में यह जागरूकता लाई गई कि कैसे बीजेपी और चुनाव आयोग मिलकर वोट चोरी करवा रहा है. कांग्रेस नेता केशव महतो कमलेश ने बताया कि हम लोग वोटों की इस बेशर्म चोरी के खिलाफ 25 लाख हस्ताक्षर एकत्र करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. जिला, ब्लॉक और मंडल स्तर के पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में इस अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं लेकिन इसकी असली ताकत हम सभी की व्यक्तिगत भागीदारी से आएगी.



# आस्था का महापर्व : छठ पूजा 25 अक्टूबर से प्रारंभ

## छठ पर्व प्रकृति, सूर्य, जल और मानव के पारस्परिक संबंध का है प्रतीकः संजय सर्राफ

संवाददाता ।रांची



रांची : विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि भारत में पर्व-त्योहारों की परंपरा जितनी प्राचीन है, उतनी ही विविधतापूर्ण भी।इन्हीं में से एक है छठ पूजा, जिसे लोक आस्था का महापर्व कहा जाता है। यह पर्व विशेष रूप से बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल के तराई क्षेत्रों में अत्यधिक श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। आधुनिक समय में यह पर्व देश-विदेश में बसे भारतीयों द्वारा भी बड़े उत्साह से मनाया जाने लगा है ।इस वर्ष छठ पूजा 25 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक मनाई जाएगी। छठ का महापर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से शुरू होकर सप्तमी तिथि तक चलता है। इस दौरान सूर्य देव और छठी मैया की पूजा की जाती है। छठ पूजा की तिथि 25 अक्टूबर दिन शनिवार को नहाय-खाय,26 अक्टूबर दिन रविवार को खरना पूजन, 27 अक्टूबर दिन सोमवार को संध्या अर्घ्य (पहला अर्घ्य),28 अक्टूबर दिन मंगलवार को प्रातः कालीन उषा अर्घ्य (दूसरा अर्घ्य), के बाद शनिवार से शुरू चार दिवसीय पूजा अनुष्ठान मंगलवार को संपन्न हो जाएगा उसके बाद सभी छठ व्रती पारण कर उपवास तोड़ेंगे।

छठ पर्व सूर्य देव और उनकी बहन छठी मैया की उपासना का पर्व है। सूर्य देव को जीवन का आधार माना गया है, क्योंकि उनसे ही पृथ्वी पर ऊर्जा, प्रकाश और जीवन की उत्पत्ति होती है। छठी मैया, जिन्हें उषा देवी के नाम से भी जाना जाता है, संतान सुख, स्वास्थ्य, और समृद्धि की अधिष्ठात्री मानी जाती हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, जब पांडव अपने राज्य और सम्मान से वंचित हुए, तब द्रौपदी ने छठी मैया की आराधना की थी, जिसके फलस्वरूप उन्हें पुनः अपना राज्य प्राप्त हुआ। एक अन्य कथा के अनुसार, राजा प्रियव्रत ने संतान प्राप्ति के लिए इस व्रत को किया था, जिसके आशीर्वाद से उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। छठ पूजा की शुरूआत नहाय-खाय से होती है, जब व्रती स्नान कर शुद्ध भोजन ग्रहण करते हैं। दूसरे दिन खरना पर निर्जला उपवास रखकर शाम को गंगा या किसी पवित्र जल स्रोत के तट पर गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद बनाकर पूजा की जाती है। तीसरे दिन संध्या अर्घ्य के समय व्रती डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। चौथे दिन प्रातः काल उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रत का समापन होता है ।छठ पूजा की सबसे बड़ी विशेषता है इसकी पवित्रता और कठोर नियम। व्रती चार दिनों तक सात्विकता, शुचिता और संयम का पालन करते हैं। पूजा में बांस की सुप, ठेकुआ, फल, नारियल, और गन्ने जैसे प्राकृतिक वस्तुओं का प्रयोग किया जाता है। यह पर्व प्रकृति, सूर्य, जल और मानव के पारस्परिक संबंध का प्रतीक है ।छठ पूजा सामाजिक समरसता और एकता का संदेश देती है। इस दिन जाति, वर्ग, धर्म का भेद मिटाकर सभी लोग एक साथ घाटों पर एकत्र होते हैं। महिलाएं पारंपरिक गीत गाती हैं, और वातावरण भक्तिमय हो जाता है। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सूर्य ऊर्जा के प्रति कृतज्ञता का भी प्रतीक है ।छठ पूजा भारतीय संस्कृति की उस अनमोल परंपरा का उत्सव है, जो मनुष्य और प्रकृति के अटूट बंधन को दशार्ता है। यह पर्व श्रद्धा, शुद्धता और समर्पण का प्रतीक है, जो हमें सिखाता है कि प्रकृति की पूजा ही जीवन की सच्ची साधना है।

## बूढ़ी मां को उतारा मौत के घाट, फिर थाना में कर दिया सरेंडर

संवाददाता ।रांची



रांची ।जमशेदपुर : जमशेदपुर के चाकुलिया थाना क्षेत्र के जीरापाड़ा गांव में एक बूढ़ी महिला की बेरहमी से हत्या कर दी गयी। मृतक महिला की शिनाख्त 77 साल की सुधा बाला देवी के तौर पर की गयी। इल्जाम है कि सगे बेटे जब्बर सिंह ने धारदार हथियार से उन्हें मौत के घाट उतार दिया। मिली जानकारी के अनुसार जब उसने वारदात को अंजाम दिया, उस वक्त घर पर और कोई नहीं था। जब्बर का बेटा मंगल सिंह अपने ससुराल गया हुआ था। अपनी मां को खौफनाक मौत देने के बाद आरोपी जब्बर सिंह ने थाना में सरेंडर कर दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हत्या का कारण घरेलू विवाद बताया जा रहा है ।वारदात की फैली खबर के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी। आसपास के लोग मौके पर जुट गये। पुलिस भी स्पॉट पर पहुंची और शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिस हथियार से वार किया गया, पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस आरोपी के बेटे मंगल सिंह से भी पूछताछ कर रही है, ताकि हत्या की वजह और घटना के क्रम की पूरी जानकारी हासिल कर सके।

## ब्रीफ न्यूज

### भारतीय एकता कमेटी ने अपने शुभचिंतकों का बोर्ड लगवाया




संवाददाता ।रांची

रांची। भारतीय एकता कमेटी सामाजिक संस्था झारखंड सरकार से मान्यता प्राप्त रांची ने अपने शुभचिंतकों का बोर्ड मुख्य कार्यालय करबला टैंक रोड रांची में लगाया जो अब इस दुनिया में नहीं रहे गुजर गए हैं इन सभी के लिए आप लोगों से प्रार्थना दुआ करने की अपील की जाती है जिसमें भारत के पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइल मैन डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एम वाई इकबाल, झारखंड के पूर्व राज्यपाल सैयद सीबते रजी, कार्डिनल तेलेशफर पी.टोप्पो, हजरत मौलाना शोएब अहमद रहमानी ( रह ) दिशोम गुरुजी शिबू सोरेन, पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा, सरपरस्त मोहम्मद साबिर हवारी, तिलक राज अजमानी, हाजी मोहम्मद असलम, हाजी जुबैर भाई, हाजी सलाम उल हक उर्फ ईदु भाई, मोहम्मद ताहिर उर्फ छोटू भाई, मोअजीन मोहम्मद तैयब हवारी, आईपीएस अमिताभ चौधरी, फादर जोसेफ मिजं ( येशु समाज ) मोहम्मद फिरोज असलम उर्फ रिंकू भाई, त्रिभुवन प्रसाद उर्फ बाबूजी, रमजान कुरैशी, सीडीपीओ मोहम्मद अली, मोहम्मद इकबाल उर्फ बालम भाई, निरंजन प्रसाद, मोहम्मद रफीक राईन, अली हुसैन हवारी, गुरविंदर सिंह सेठी, सरदार कृपाल सिंह चावला, भागचंद जैन पाटनी, पंडित विष्णु देव मिश्रा, राजेंद्र राम और मोहम्मद अरशद भाई का बोर्ड में फोटो लगाया गया है सभी आम नागरिक गण आते जाते देखते हैं और इन लोगों के लिए प्रार्थना दुआ भी करते हैं इन महान हस्तियों को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता । यह जानकारी संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने दी।

### पीआईएस के दो छात्रों ने राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में पदक जीते




संवाददाता ।रांची

गोड़ा ज़िला ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा गोड़ा ज़िले में आयोजित चौथी झारखंड राज्य ताइक्वांडो चैंपियनशिप में पालम इंटरनेशनल स्कूल के दो छात्रों ने अपने-अपने वर्ग में पदक जीते हैं। हुजैफा साजिद ने स्वर्ण पदक जीता जबकि अर्श खान ने रजत पदक जीता। दोनों छात्र स्कूल के खेल शिक्षक, ताइक्वांडो कोच और रांची ताइक्वांडो एसोसिएशन के कार्यकारी सदस्य मास्टर मोहम्मद शहाबुद्दीन की देखरेख में ताइक्वांडो का प्रशिक्षण ले रहे हैं। मोहम्मद शहाबुद्दीन ने बताया कि दोनों छात्रों ने इससे पहले रांची में आयोजित जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में पदक जीते थे। वे ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित आगामी राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भाग लेंगे। स्कूल की प्रधानाध्यापिका श्रीमती लुबना फातिमा ने दोनों बच्चों को राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में पदक जीतने पर बधाई दी और आगामी राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए स्कूल प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। स्कूल के चेयरमैन श्री महमूद आलम ने बच्चों को उनकी सफलता पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हमारा स्कूल शिक्षा के साथ-साथ खेल और कला को भी प्राथमिकता देता है, जिसके परिणामस्वरूप बच्चे अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन कर रहे हैं। श्री आलम ने बच्चों के खेल शिक्षक और ताइक्वांडो कोच श्री मुहम्मद शहाबुद्दीन को भी बच्चों की सफलता पर बधाई दी और कहा कि ताइक्वांडो कोच मास्टर मुहम्मद शहाबुद्दीन की कड़ी मेहनत ने बच्चों की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने स्कूल से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक बच्चों को इस कला को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे स्कूल, अपने परिवार और शहर का नाम रोशन कर सकें।

### राँची की एक युवती से ऑनलाइन दोस्ती कर साइबर अपराधी ने 8.51 लाख रुपए ठग लिए।

संवाददाता ।रांची

रांची ।पीड़िता पूनम कुमारी ने साइबर क्राइम शाखा में प्राथमिकी की है। किशोरगंज निवासी युवती ने पुलिस को बताया कि निश्चल शाह नामक शख्स से उसकी जान पहचान हुई। जो खुद को एलटी कंपनी बेंगलुरु में आर्किटेक्ट बताता है। वह खुद को नेपाल निवासी बताकर भारत में नौ वर्षों से रह रहा है। आरोप है कि युवक ने फ्लैट खरीदने, रजिस्ट्रेशन कराने और ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर उससे मोटी रकम ऐंठ ली। खाता फ्रीज होने का झांसा देकर की ठगी।

### चित्रगुप्त पूजा आयोजित



संवाददाता ।रांची

रांची ।रांची। सांकेतिक परिषद रांची द्वारा आयोजित चित्रगुप्त पूजा हिनू सिथित मंदिर कायस्थ समाज के लोग अपने पूरे परिवार के साथ पूजा मैं एव भाई भोज में शामिल हुए। इसमें मुख्य रूप से बिनय सिन्हा दीपू , सुरेश मल्लिक अभय कुमार चौधरी साशी भूषण कंठ ममता शरण , रानी कर्ण आयन सिन्हा , रेणु दस , यात्रिंद लाल दस एव अन्य लोग शामिल रहे ।

### अपराधियों द्वारा पाकिस्तान से हथियार मंगाने की उच्च स्तरीय जांच कराएं मुख्यमंत्री.....बाबूलाल मरांडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर सुरक्षा से खिलवाड़ करने और खुफिया एजेंसी द्वारा लापरवाही बरतने का आरोप लगाया ।श्री मरांडी ने कहा कि रांची में पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हथियार और गोलियां मंगा कर अपराध किए जा रहे हैं। ये हथियार पंजाब के मोगा के रास्ते भारत लाए जा रहे हैं। इन हथियारों का इस्तेमाल रांची समेत देश के कई हिस्सों में बड़े कारोबारियों, पूंजीपतियों और व्यवसायियों को डराकर रंगदारी वसूली के लिए किया जा रहा है।

# सिकल सेल एनीमिया जागरूकता अभियान कैंप आयोजित



संवाददाता ।रांची

रांची ।सन्मार्गम फाउंडेशन के द्वारा ओरमांझी प्रखंड के चकला पंचायत के मुन्ना पत्रा गांव के धनवंतरी नर्सिंग कॉलेज के प्रांगण में सिकल सेल एनीमिया जागरूकता अभियान कैंप लगाया गया। इस कैंप में राजेंद्र इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस (रिम्स) की प्रसिद्ध एनीमिया स्पेशलिस्ट डॉ अनूपा प्रसाद, ने कैंप में आए लोगों को बताया कि सिकल सेल एनीमिया एक गंभीर अनुवांशिक बीमारी है, जिसमें शरीर में रक्त की कमी हो जाती है और हाथ पैर में दर्द रहता है ।उन्होंने इस बीमारी से बचाव तथा रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक किया ।उन्होंने यह भी बताया कि सिकल सेल एनीमिया का प्रॉब्लम अगर मेजर वाला है तो इसमें खून बार-बार चेंज करवाना पड़ता है। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर रांची के पूर्व सांसद श्री रामटहल चौधरी जी उपस्थित रहे। इस मौके पर 100 बच्चों के बीच गिफ्ट का भी वितरण सनमार्गम फाउंडेशन के द्वारा किया गया। इस मौके पर संस्था के सचिव श्री सिद्धार्थ त्रिपाठी ने बताया की सिकल सेल एनीमिया एक गंभीर अनुवांशिक बीमारी है ।इस बीमारी के बारे में गांव के लोगों को कुछ भी पता नहीं है। इस तरह से कैंप करवा कर लोगों को जागरूक करना अति सुखद अनुभव है ।सिद्धार्थ त्रिपाठी ने बताया कि इस तरह के कैंप और भी आयोजित होते रहेंगे। रांची केपूर्व सांसद श्री रामटहल चौधरी ने सन्मार्गम फाउंडेशन की सराहना करते हुए कहा यह संस्था रांची ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड में बहुत अच्छा कार्य कर रही है। मैं इन्हें शुभकामनाएं देता हूं कि और भी इस तरह का सामाजिक कार्य यह संस्था करती रहे ,और आगे बढ़ते रहे। इस अवसर पर डॉक्टर अनूपा प्रसाद विभाग अध्यक्ष जेनेटिक और जिनोमिक्स विभाग रिम्स रांची, श्री राजेंद्र दुबे निदेशक धनवंतरी कॉलेज आफ फामेर्सी, श्री सिद्धार्थ त्रिपाठी सचिव सन्मार्गम फाउंडेशन, रोशन कुमार अध्यक्ष, सुब्रत बारीक उपाध्यक्ष ,श्रीमती रश्मि कुमारी संस्था हेड

## थैलेसीमिया पीड़ितों संग दीपावली मिलन/परिचर्चा



संवाददाता ।रांची

रांची:झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन(अ यूनिट ऑफ लहू बोलेगा₹ रक्तदान संगठन रांची) के तत्वावधान में झारखंड भर के थैलेसीमिया पीड़ितों/परिजनों संग दीपावली मिलन/परिचर्चा 25 अक्टूबर 2025(शनिवार) को झारखंड विधानसभा सभागार रांची(पुराना वाला), नजदीक-शहीद मैदान,धुर्वा,रांची में सुबह 11 बजे से 3 बजे तक आयोजित है ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड कांग्रेस के माननीय विधायक दल के नेता एवं पूर्व शिक्षा मंत्री श्रीमान प्रदीप यादव जी उपस्थित रहेंगे।

## प्रशासक की अध्यक्षता में निगम की इनफोर्समेंट टीम के साथ समीक्षा बैठक



संवाददाता ।रांची

रांची नगर निगम के प्रशासक श्री सुशांत गौरव की अध्यक्षता में आज दिनांक 23.10.2025 को निगम सभागार में इनफोर्समेंट टीम के साथ समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में उनके द्वारा टीम को फील्ड स्तर पर उत्पन्न हो रही समस्याओं की जानकारी ली गई तथा विभिन्न कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में उनके द्वारा निम्न दिशानिर्देश दिए गए

अतिक्रमण हटाओ अभियान युद्धस्तर चलाए प्रशासक ने निर्देश दिया कि शहर को जाममुक्त एवं अतिक्रमणमुक्त बनाने हेतु अतिक्रमण हटाओ अभियान युद्धस्तर पर चलाया जाए। मुख्य सड़कों, चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाने में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

फेंकने वालों पर कड़ी कार्रवाई

न्होंने कहा कि मुख्य मार्गों पर गंदगी फैलाने वालों एवं उ&ऊवेस्ट फेंकने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, सभी दुकानदारों को दो डस्टबिन रखना अनिवार्य किया गया है – ऐसा नहीं करने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

वाटर बॉडीज पर गंदगी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई शासक ने वाटर बॉडीज की स्वच्छता बनाए रखने हेतु भी सख्त निर्देश दिए हैं।

## 70 जरूरतमंद लोगों के बीच व्हील चेयर, कान मशीन, कमर बेल्ट घुटना बेल्ट का वितरण किया गया



संवाददाता ।रांची

रांची : झारखंड तंजीम ने राष्ट्रीय वयो श्री योजना अंतर्गत झारखंड सरकार द्वारा वृद्ध नागरिकों को निशुल्क व्हीलचेयर और अन्य सहायक उपकरण वितरण का आयोजन झारखंड तंजीम रांची महानगर कार्यालय,थर्ड स्ट्रीट हिंदपीढ़ी रांची में आयोजित किया. इस कार्यक्रम में कुल 70 जरूरतमंद लोगों के बीच व्हीलचेयर,कान मशीन,कमर बेल्ट,कुशन,घुटना बेल्ट, छड़ी का वितरण किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत मुफ़्ती कमरे आलम के तिलावते कुरान से हुई. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर इरफान अंसारी स्वास्थ्य मंत्री झारखंड सरकार और विशिष्ट अतिथि शमशेर आलम उपाध्यक्ष झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग थे. इस मौके पर बोलते हुए मुख्य अतिथि डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा झारखंड तंजीम के लोगों को बहुत-बहुत मुबारकबाद विशेष कर झारखंड पंजीयन के केंद्रीय अध्यक्ष शमशेर आलम को उन्होंने बधाई दी,उन्होंने जरूरतमंद लोगों को सहारा देने का काम किया ।उन्होंने कहा जरूरतमंद लोगों को जब किसी को सहारा दिया जाता है तो इससे बड़ा कोई पुण्य नहीं होता है. डॉ इरफान ने कहा सेवा भाव सबको करना चाहिए इस तरह का कार्यक्रम दिल को छू लेने वाला है. उन्होंने कहा कि झारखंड स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार अच्छा काम कर रहा है झारखंड नें पूरे देश में स्वास्थ्य क्षेत्र मे दूसरा स्थान प्राप्त किया है, इसे देश में झारखंड को नंबर एक करना है.उन्होंने कहा कि जल्द ही झारखंड के सभी जिलों में रिहैब सेंटर की स्थापना की जाएगी इसमें दिव्यांगों या जरूरतमंदों की सभी आधुनिक सुविधा उपलब्ध रहेगी. इस मौके पर बोलते हुए विशिष्ट अतिथि शमशेर आलम, उपाध्यक्ष झारखंड अल्पसंख्यक आयोग ने कहा कि झारखण्ड तंजीम एक सामाजिक संस्था है जो शुरू से शिक्षा, खेल स्वास्थ्य और सामाजिक काम करते रही है इसी के तहत दिव्यांगों के बीच जो जरूरतमंद है उनके बीच व्हीलचेयर, कान का मशीन, कमर बेल्ट,घुटना बेल्ट, छड़ी समेत कई चीजों का वितरण किया जा रहा है इस मौके पर अरशे आलम उर्फ पप्पू, तनवीर आलम अध्यक्ष वीकर सोसाइटी, फहीमुद्दीन सरवर,मुफ्ती कमरे आलम, कारी अंसार उल्लाह महबूब हुसैन, बंटी,अतिकुर रहमान पूर्व पार्षद जमील अख्तर,एजाज आलम, शाहबाज आलम समेत कई लोग मौजूद थे। यह जानकारी झारखंड तंजीम के प्रवक्ता डॉक्टर फिरोज अहमद ने दी ।

## कौवा कान लेके भाग गया – आलोक कुमार दूबे ने बाबूलाल के बयान पर केंद्र सरकार पर साधा निशाना

- यदि सेवा का दीप जलाया जाए, तो हर जीवन आलोकित हो सकता है
- हथियार और ड्रग्स की सीमा पार सप्लाई के लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार : आलोक कुमार दूबे, ; महासचिव झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी
- व्यापारी वर्ग भयभीत, केंद्र सरकार को जवाबदेही तय करने की मांग : आलोक कुमार दूबे
- झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव का पलटवार – बाबूलाल के बयान में हकीकत छुपाने की कोशिश, केंद्र सरकार पर दबाव

संवाददाता ।रांची



रांचीः झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी द्वारा राज्य में बढ़ती हथियारों और रंगदारी की घटनाओं पर किए गए बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि यह मामला केवल बयानबाजी का विषय नहीं है, बल्कि इसका मूल कारण केंद्र सरकार की नीतियों और नियंत्रण में विफलता है ।आलोक कुमार दूबे ने कहा, कौवा कान लेके भाग गया ,यही कहावत बाबूलाल चरितार्थ कर रहे हैं। पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हथियार और गोलियों की सप्लाई हो रही है, और इसका इस्तेमाल व्यापारियों और व्यवसायियों को डराने और रंगदारी वसूलने के लिए किया जा रहा है। अगर सीमा पार से हथियार, आतंकवादी और ड्रग्स की सप्लाई हो रही है, तो इसके लिए केन्द्र सरकार और गृह मंत्रालय पूरी तरह जिम्मेदार हैं ।उन्होंने कहा कि प्रदेश के व्यापारी वर्ग और आमजनों को किसी प्रकार का कोई भय या संकट नहीं होने दी जाएगी ।भाजपा को अफवाह फैलाने और जनता को दिगभ्रमित करने में महारथ हासिल है। जहां जहां भाजपा कि सरकार है वहां गुण्डा राज्य कायम है और इसका सीधा असर बिहार के चुनाव में देखने को मिलेगा ।आलोक कुमार दूबे ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि उसके सीमा सुरक्षा और खुफिया तंत्र की गंभीर विफलता ने अपराधियों को खुला अवसर प्रदान किया है। उन्होंने कहा, ॠअगर पुलिस का उच्च स्तर पर उद्देश्य भी रंगदारी वसूली बन चुका है, तो आम नागरिक और व्यापारी किस सुरक्षित वातावरण में रहेंगे ? केंद्र सरकार को इस गंभीर सुरक्षा संकट पर तुरंत जवाब देना होगा।

उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस केन्द्र सरकार पर लगातार दबाव बनाएगी, और सभी आवश्यक कदम उठाए जाने की मांग करेगी। उन्होंने कहा कि अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, व्यापारियों को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जाना चाहिए, और खुफिया तंत्र और सुरक्षा एजेंसियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए ।आलोक कुमार दूबे ने यह भी कहा कि कांग्रेस प्रदेश और देश के व्यापारियों,

## केंद्रीय अड हॉक कमिटी की घोषणा की



संवाददाता ।रांची

रांची ।ईसमाईलिया उर्दु मोमिन बालिका स्कूल , हाथिखाना, डोरंडा, राची मे जमिअतुल मोमेनिन चौरासी झारखंड के सरपरसत कमिटी ने जमिअतुल मोमेनिन चौरासी झारखंड के केन्द्रीय एड हाक कमिटी की घोषणा की और पदाधिकारियो को पगड़ी पहना कर सम्मानित किया जिसकी सूची निम्न है ।सदर- हाजी मो मजहर, डोरंडानायब सदर- मो जबीउललाह , रांचीमहासचिव- मो शमीम अखतर, डोरंडासचिव- शोएब अंसारी, रेसालदार नगर सचिव- मो फिरोज अख्तर , पुरानी रांची बहुत ही जल्द केन्द्रीय एड हाक कमिटी की विस्तारित सूची प्रकाशित की जाएगी जिसमें कार्यकारिणी सदस्य भी होगे।

# गोड्डा में सास की हत्या के आरोप में दामाद गिरफ्तार, खून से सनी दबिया बरामद

संवाददाता ।रांची



गोड्डा : पुलिस ने बोआरीजोर थाना क्षेत्र के गोराडीह गांव में वृद्ध महिला की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से हत्या में प्रयुक्त खून से सनी लोहे की दबिया (गत्ता) बरामद की है। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने अभियुक्त सुकरुद्दीन अंसारी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान उसने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसने अपनी सास सोना भानु (उम्र लगभग 65 वर्ष) की गला रेतकर हत्या की थी। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार भी बरामद किया गया। गौरतलब है कि 21/22 अक्टूबर 2025 की रात्रि को बोआरीजोर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोराडीह गांव के मोमिन टोला में सोना भानु की नींद में धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मृतका के पुत्र अशरफ अंसारी के लिखित आवेदन पर थाना में मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद गोड्डा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, महागामा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था।

# मजदूर किसान इंटर महाविद्यालय में शिक्षाकर्मी को नहीं मिला अनुदान लगाए कई आरोप

## राजनीतिक हस्तक्षेप व प्रशासनिक लापरवाही से रुका वेतन, प्राचार्य की योग्यता पर भी सवाल

**पलामू, संवाददाता**



पांकी मजदूर किसान इंटर महाविद्यालय, डंडार कला पांकी में बिना शासीनिकाय के बैठक आयोजित किए बिना अनुदान वितरण को लेकर गहरा गया है। शशिकांत कुमार यादव ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2023-24 में 27% तथा 2024-25 में 88% अनुदान का उनका हिस्सा प्राचार्य, शिक्षक प्रतिनिधि और सचिव द्वारा रोक दिया गया है, जबकि उनकी डिग्री को जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) की जांच में सही पाया जा चुका है। बावजूद इसके उन्हें न तो योगदान का अवसर दिया गया और न ही मासिक वेतन व अनुदान की राशि प्रदान की गई है। 9 अक्टूबर 2025 को जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर शासी निकाय की बैठक बुलाई गई थी जिसमें काउंसिल परिषद, अनुमंडल पदाधिकारी और अन्य प्रतिनिधियों ने सहमति दी थी कि शशिकांत कुमार यादव का प्रमाणपत्र वैध है तथा उन्हें योगदान करवा कर नियमित वेतन और अनुदान दिया जाए। लेकिन राजनीतिक द्वेष और स्थानीय जनप्रतिनिधि के दबाव के कारण बैठक में कोई निर्णय नहीं लिया जा सका। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि वर्तमान प्राचार्य अवध बिहारी सिंह के पास प्राचार्य पद की आवश्यक शैक्षणिक योग्यता नहीं है। वे केवल संस्कृत विषय में आचार्य (बी.ए.) हैं, जबकि झारखंड अधिविद परिषद नियमावली 2005 के अनुसार प्राचार्य पद के लिए एम.ए. और बी.एड. अनिवार्य हैं। यह भी आरोप है कि उनकी नियुक्ति बिना विज्ञापन, साक्षात्कार या विशेषज्ञ अनुशंसा के फर्जी तरीके से की गई थी। इसलिए उनके शैक्षणिक प्रमाणपत्र और नियुक्ति प्रक्रिया की जांच की मांग की गई है और जांच पूरी होने तक उनके वेतन पर रोक लगाने की मांग की गई है। महाविद्यालय के गणित विभाग के शिक्षक एवं अर्थपाल दिनेश कुमार की नियुक्ति को भी जांच के घेरे में बताया गया है। दावा किया गया है कि वे 2004 में कॉलेज से जुड़े, लेकिन नियुक्ति तिथि 23 अगस्त 1997 दर्ज की गई है। नियुक्ति से संबंधित कोई विज्ञापन, परीक्षा या विशेषज्ञ अनुशंसा भी नहीं हुई थी। इसलिए उनकी डिग्री और नियुक्ति प्रक्रिया की भी जांच आवश्यक बताई गई है। शशिकांत कुमार यादव ने जिला शिक्षा पदाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी, सदर मेदिनीनगर को लिखित रूप से शिकायत दर्ज कराते हुए मांग की है कि जब तक सभी कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया और शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की जांच नहीं हो जाती, तब तक सभी का वेतन रोका जाए। उन्होंने प्रश्न उठाया है कि जब उनका प्रमाणपत्र सत्य पाया गया, फिर भी उन्हें वेतन और योगदान क्यों नहीं दिया गया। फिलहाल मामले में जिला प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# सोहराय प्राचीन सभ्यता-संस्कृति से जुडा पारंपरिक पर्व है जिवंत रखे : सुधीर मंगलेश



**रामगढ़, संवाददाता**

रामगढ़ प्रखंड के कुंदरुकंला नावाडीह में सोहराय परब के शुभ अवसर पर बरदखूटा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस जिला प्रवक्ता व मिडिया चैयरमेन सुधीर मंगलेश विशिष्ट अतिथि कांग्रेस नेता मानिक पटेल उपप्रमुख प्रतिनिधि सह बीस सूत्री सदस्य भरत महतो पुर्व विधायक प्रतिनिधि महेंद्र ओहदार बीस सूत्री सदस्य गौरीशंकर महतो ने फीता काट कार्यक्रम का शुभारंभ किया।अतिथि मंगलेश ने कहा कि पारंपरिक सोहराय पर्व को मना रहे हैं। जो हमारी संस्कृति, एकता, प्रेम और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। यह पर्व न सिर्फ पशुधन के प्रति सम्मान का अवसर है,बल्कि यह हमें मेहनत, साझेदारी और सामूहिक आनंद का संदेश भी देता है। हमारी लोक संस्कृति की यह सुंदर परंपरा नगाड़ा,ढोल, मादर और नृत्य की थाप के साथ समाज को जोड़ने, भाईचारे को मजबूत करने और पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करती है। आप सबका उत्साह, आपसी सहयोग और सांस्कृतिक चेतना ही हमारे समाज की सबसे बड़ी ताकत है। आइए, इस अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव बनाए रखें, और आने वाली पीढ़ियों तक इस विरासत को पहुँचाएँ। मौके पर रामगढ़ 20 सूत्री सदस्य हीरालाल महतो, संजय सिंघानिया,खेमन महतो,छोटन कुमार हेमलाल महतो अमित कुमार राजकुमार महतो तिरथनाथ महतो मनोज महतो धनेश्वर महतो सुरेश महतो किशोर महतो तीसीरलाल महतो कमलेश बेदिया रामू महतो शैलेश महतो विनोद करमाली आदि थे।

# भाजपा नेता ने छठ घाटों का किया निरीक्षण, तैयारी का लिया जायजा



**पलामू, संवाददाता**

भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने गुरुवार को विश्रामपुर शिव छठ घाट व राज घाट का निरीक्षण किया.इस दौरान उन्होंने छठ महापर्व को लेकर घाटों पर चल रहे तैयारी का जायजा लिया.पूजा कमेटी के पदाधिकारियों-सदस्यों से तैयारी के प्रगति के बारे में भी जानकारी ली और कई सुझाव भी दिया.उन्होंने पूजा समिति को भव्य आयोजन में हर संभव मदद देने का भरोसा भी दिया.मौके पर समाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, निवर्तमान पार्षद सुनिल कुमार चौधरी, इदरीस हवारी, ललन सोनी, विजय पेंटर, संजय ठाकुर, धीरन तिवारी, उखमजी यादव, रामचंद्र साव, संजय साह, दामोदर यादव, चंद्रदेव चौधरी, सत्यनारायण सोनी, रंजीत ठाकुर सहित छठ पूजा समिति के कई लोग मौजूद थे.

# किन्नी गांव में सोहराई डायर जतरा मेला सह संस्कृति कार्यक्रम का किया गया आयोजन


## संगीतकारों व डांसरों ने मोहा मन, उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

**रामगढ़, संवाददाता**



किन्नी गांव में सोहराई डायर जतरा मेला सह संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन अतिथि सिद्धिनाथ सिंह, राजीव जयसवाल, समाजसेवी गिरधारी गोप, समाजसेवी सह पतरातू बुचा बांध समिति के अध्यक्ष गुलशन कुमार सिंह, आजसू जिला उपाध्यक्ष सुनील यादव, कुमेल उरांव, लबगा मुखिया किरण यादव, बलकुदरा मुखिया विजय मुंडा, देवरिया मुखिया विकास नायक, कुरसे मुखिया संदीप उरांव, पवन मुंडा, शिव प्रसाद मुंडा, रोहन मुंडा, कृष्णा उरांव, आशीष शर्मा आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मेला समिति द्वारा अतिथियों को फल माला पहनाकर स्वागत किया गया। पूरे आयोजन के दौरान पारंपरिक नृत्य, संगीत और पूजा-अर्चना से वातावरण भक्तिमय बना रहा। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मौके पर अतिथियों ने ग्रामीणों को पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा की इस तरह का आयोजन होने से गांव में एकता और भाईचारे में मजबुती मिलती है। कहा गया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी किन्नी गांव में मेला का आयोजन इस धरोहर के लिए बहुत खुशी की बात है। अतिथियों ने ग्रामीणों और आर्केष्ट्रा में आए हुए सिंगर और डांसरो को पूजा की शुभकामनाएं दी। मेला में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से आये लोगों ने जमकर खरीदारी करते हुए एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनो का भी लुत्फ उठाया। मौके पर जितेंद्र उरांव, सुधीर यादव, मिंकू कुमार, हेमंत यादव, रामेश्वर यादव, प्रदीप महतो सहित सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## पतरातू थाना प्रभारी ने की छठ घाट की साफ सफाई



**पतरातू** : गुरुवार को पीटीपीएस यूथ वेलफेयर सोसाइटी,पतरातू की तरफ से कटुवा कोचा छठ घाट की साफ सफाई का कार्यक्रम पतरातू थाना के थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता के नेतृत्व में थाना के अन्य दर्जनो पुलिस कर्मियों एवं सोसायटी सदस्यों के साथ शुरूआत की गई` जिसमें थाना के सभी पदाधिकारी एवं कनीय कर्मचारीयों तथा समिति सदस्यों द्वारा डैम में घुसकर पानी तथा कचडे की सफाई की गई तथा दुर्गा पूजा के प्रतिमा विसर्जन के सामग्री कचडो को एक जगह जमा करके थाना प्रभारी द्वारा जेसीबी एवं ट्रैक्टर से सुरक्षित जगह रखवाया गया। जिसमें सोसाइटी की तरफ से मुख्य रूप से संयोजक सुजीत कुमार पटेल डॉ मनोज कुमार गुप्ता बैद्यनाथ राय वारिस खान महावीर अग्रवाल मनीष अग्रवाल गोपाल अग्रवाल नीरज झा अनिल कुमार सिंह संजीव सिंह विकास गुप्ता तारिक रजा ,राजा , प्रिंस कुमार ,रितिक यादव सहित दर्जनों शामिल थे।

# महागठबंधन धर्म के पालन के लिए एकता के साथ सभी घटक दलों का मान सम्मान जरूरी : नंदकिशोर पाठक



**पलामू, संवाददाता**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस शिक्षा कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला चेयरमैन। नंदकिशोर पाठक ने सह जिला बिहार चुनाव को लेकर महागठबंधन के घटक दल जेएमएम की तल्खी पर चिंता जाहिर की इस संबंध में जारी उन्होंने बयान में कहा कि झारखंड में जेएमएम महागठबंधन का एक प्रमुख घटक दल है इस राज्य में इसके सर्वमान्यता मुख्यमंत्री महागठबंधन के सभी घटक दलों का सर्वमान्य नेता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महागठबंधन के सम्मान रखते हुए बड़े भाई का फर्ज निभाकर सरकार में उन्हें अहम हिसेदारी प्रदान की है, इसी प्रकार बिहार राज्य में चुनाव में जेएमएम को भी उसकी हिस्सेदारी मिलनी चाहिए थी मगर ऐसा नहीं हुआ ऐसे में उसकी नाराजगी स्वाभाविक है जिस पर बिहार की राजनीतिक में बड़े भाई की भूमिका के दल राजद के नेतृत्व में यह मेड़ता पूर्वक के विचार करने की जरूरत है ताकि महागठबंधन की एकता में कोई दरार ना हो जाए मन गठबंधन में एकता में ही सभी घटक दलों को राजनीतिक के लाभ मिलता रहा है आगे भी सभी दलों का ऐसा लाभ मिलता रहे इसके लिए जरूरी है राजद नेतृत्व इस पर मंथन करते हुए सार्थक लेने ली उन्होंने कहा कि पूर्ण विश्वास है।

## बगदा लाला टोला में धूमधाम से हुई भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा

**कसमार** : बोकारो जिले के बगदा लाला टोला में भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुई। सुबह से ही पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना रहा। पूजा पंडाल को आकर्षक फूलों और लाइटों से सजाया गया था, जहाँ चित्रांश समाज के लोग पारंपरिक विधि-विधान से भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना में जुटे रहे। महिलाओं ने मंगल गीत और आरती गाकर भक्ति का वातावरण बना दिया, वहीं बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। पूजा के उपरांत प्रसाद वितरण और सामूहिक भोज का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोग और श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठ सदस्य कपिलेश्वर प्रसाद वर्मा, सुमनेश्वर प्रसाद वर्मा, निरंजन वर्मा, रंजन वर्मा, आनंद वर्मा, संजय वर्मा, नितेश वर्मा, राहुल वर्मा, प्रियांशु वर्मा, मोहित वर्मा, उज्जवल वर्मा, सूरज वर्मा, दर्श वर्मा और आयन सिन्हा सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर लोगों ने भगवान चित्रगुप्त से समाज की उन्नति और सबके कल्याण की प्रार्थना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में युवाओं की भूमिका सराहनीय रही।

# छठ आस्था और पवित्रता का पर्व, प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सैकड़ों व्रतियों को सूप और साड़ी वितरित की

**पलामू, संवाददाता**



महापर्व छठ को लेकर नगर निगम एवं सामाजिक संगठनों की ओर से घाटों की सफाई तेजी से जारी है। इसी क्रम में मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर स्वयं कई घाटों का निरीक्षण करने निकलीं। उन्होंने कहा कि छठ हिंदू धर्म का आस्था और पवित्रता से जुड़ा महापर्व है। इस पर्व की स्वच्छता और मयार्दा बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। महापौर ने बताया कि उनके स्तर से चैनपुर सूर्य मंदिर तालाब, बैरवा छठ घाट, बाल समाज छठ घाट, मांधाता छठ घाट और चैनपुर पूरब मोहल्ला स्थित घाटों की लगभग सफाई पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि शाहपुर के घाटों की सफाई आज पूरी कर दी जाएगी। यदि निगम क्षेत्र में किसी अन्य घाट को सफाई की आवश्यकता हो तो तत्काल सूचना दें, मैं जेसीबी भेजकर सफाई करवाऊंगी। महापौर ने अमानत घाट की सफाई व्यवस्था देखकर लायंस क्लब की सराहना की और कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी क्लब ने भीड़-भाड़ वाले इस घाट पर सफाई का दायित्व निभाया है। उन्होंने कोयल रिवर फ्रंट का भी दौरा किया और बताया कि वहां की सफाई स्थानीय व्यवसायिक संगठन के सहयोग से की जा रही है, जिसे पूजा पूर्व प्रेशर पंप से धोकर पूरी तरह स्वच्छ कर दिया जाएगा। महापौर ने पप्पूकल घाट का भी निरीक्षण किया और कहा कि वहां अभी और सफाई की आवश्यकता है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि नदी में जलस्तर अधिक है और बच्चे पानी में खेलते हैं, जिससे फिसलने या डूबने की संभावना रहती है। अतः अमानत, पप्पूकल घाट और कोयल रिवर फ्रंट पर गोताखोरों की विशेष तैनाती की जाए ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि बालू कटाव के कारण नदी तट गहरा हो गया है, इसलिए छठ पूजा के दौरान अपने बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। कार्यक्रम के दौरान प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बायपास रोड, गौशाला, निमिया, सिगरा और कचरवा क्षेत्रों में सैकड़ों छठ व्रतियों को सूप और साड़ी वितरित की तथा उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

# तेनुघाट में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई भगवान चित्रगुप्त पूजा

**बोकारो, संवाददाता**



मसी भाजन संयुक्तश्च चरसित्व महीतले, लेखनी कटनी हस्ते चित्रगुप्त नमस्तुते के जयघोष से गुरुवार को तेनुघाट का वातावरण भक्तिमय हो उठा। अवसर था कायस्थ समाज के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त की पूजा का, जो पूरे हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति से संपन्न हुई। श्री श्री चित्रगुप्त पूजा समिति, आई-टाइप तेनुघाट एवं एफ-टाइप चौक के चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ परिवारों ने श्रद्धा पूर्वक पूजा-अर्चना की। भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा स्थापित कर वेद मंत्रों के बीच पूजा संपन्न हुई। मंदिर के पुजारी राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि कार्तिक शुक्ल द्वितीया तिथि को भगवान चित्रगुप्त की पूजा की जाती है। यही दिन भैया दूज का भी होता है, जिसमें बहनें अपने भाइयों की दीघार्यु की कामना करती हैं। उन्होंने कहा कि भगवान चित्रगुप्त सभी जीवों के कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं और उनकी उत्पत्ति ब्रह्मा जी की काया से हुई थी। इस अवसर पर स्थानीय मुखिया नीलम श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। शाम को सामूहिक भोज का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे चित्रांश परिवार ने सहभागिता की। पूजा-अर्चना में प्रमुख रूप से रेखा सिन्हा, रमेंद्र कुमार सिन्हा, रतन कुमार सिन्हा, सुनील कुमार, वेंकट हरि विश्वनाथन, विनय कुमार सिन्हा, योगेश नंदन प्रसाद, संजय कटरियार, सत्येंद्र कुमार सिन्हा, पंकज कुमार सिन्हा, रत्नेश श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव, शिवशंकर प्रसाद, कुंदन कुमार, संतोष कटरियार, गुंडप्पा विश्वनाथन, गोपाल जी विश्वनाथन, प्रीतीश आनंद, गोलू कुमार, विजय अंबष्ट, शुभम कटरियार, सत्यम कटरियार, शिवम कटरियार, अक्षय कुमार, कौस्तुभ कृष, नरेश श्रीवास्तव, अभिनीत नंदन, प्रियांशु कटरियार, अनिकेत नंदन, मयूर कटरियार, संतोष श्रीवास्तव (मुन्ना), अजीत कुमार लाल, संजय अंबष्ट, अजय अंबष्ट, जसू श्रीवास्तव, सुजीत कुमार सिन्हा, मयंक, मयूर, अंश और बाहुबली सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# विधायक श्वेता सिंह ने दिवंगत भाजपा नेता इंद्र कुमार झा के परिजनों से की मुलाकात



**बोकारो, संवाददाता**

बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने क्षेत्र प्रवास के दौरान भाजपा नेता सह समाजसेवी स्वर्गीय इंद्र कुमार झा के निधन की सूचना पाकर उनके जनवृत 02 स्थित आवास पर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय झा समाजसेवा के प्रति समर्पित रहे और उनके पिता वीर समरेश सिंह के साथ लंबे समय तक संगठन एवं समाजहित में कार्य किया। झा जी ने मिथिलांचल समाज की संस्कृति को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान दिया, जिससे समाज को राज्य स्तर पर पहचान मिली। इसके बाद विधायक श्वेता सिंह सेक्टर-1 में आयोजित श्री चित्रगुप्त पूजा में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि यह पर्व सामाजिक एकता और आस्था का प्रतीक है। भगवान चित्रगुप्त प्राणियों के शुभ-अशुभ कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं, और इस दिन पूजा करने से शुभ फल एवं ज्ञान का आशीर्वाद मिलता है। विधायक ने कामना की कि भगवान चित्रगुप्त सभी को सद्बुद्धि, समृद्धि और सफलता प्रदान करें। इस अवसर पर धनबाद के पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह भी उपस्थित रहे।

# बेरमो में कई स्थानों पर हुआ चित्रगुप्त भगवान का पूजा

**बोकारो, संवाददाता**




चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर फुसरो नगर परिषद में कई स्थानों में भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा रख पूजा अर्चना किया गया। चित्रगुप्त महापरिवार करगली बेरमो समिति सुभाष नगर के द्वारा कलम दावत का आदि देव भगवान चित्रगुप्त जी महाराज की 38 वां वर्षगाठ पर पूजा सुभाषनगर स्थित सामुदायिक भवन में धूमधाम से मनाया गया। यहां पंडित अशोक कुमार मिश्रा के द्वारा यजमान संजय कुमार सिन्हा के द्वारा पुरे विधि विधान से पूजा अर्चना कराया। पूजा अर्चना के बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान पुजारी श्री मिश्रा ने बताया कि भगवान चित्रगुप्त यमराज के सहयोगी हैं, जो सभी प्राणियों के कर्मो का लेखा जोखा रखते हैं। जो हमारे अच्छे बुरे कर्मो का हिसाब रख हमारे लिए स्वर्ग और नरक का फैसला लेते हैं। कहा कि आज कलम दवात और बही खातों की भी पूजा की जाती है। संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि संध्या में भक्त संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें समाज के लोगों सहित बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा।

मौके पर डॉक्टर एस कुमार, अभिनव राज, नवीन कुमार सिन्हा, रविकांत वर्मा, शशिधर सिन्हा, रिवान्स रविश, जयप्रकाश सिन्हा, संजय कुमार सिन्हा, रतन लाल, राजेश सिन्हा, प्रदीप सिन्हा, आशीष रंजन, विवेक कुमार सिन्हा, बिट्टू सिन्हा, अनिल सिन्हा, किशोर अम्बाष्टा, रवि रंजन सिन्हा, शैलेन्द्र सिंह ,वही करगली बाजार में भगवान चित्रगुप्त की पूजा पूरे विधि विधान के साथ की गई। पंडित संजय पांडेय ने अशोक कुमार सिन्हा के द्वारा पुरे विधि विधान से पूजन कार्य करवाए। पूजन के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। यहां बच्चे जो विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किए उन्हे मॉडल और सर्टिफिकेट देकर हौशला अफजाई किया। कमिटी के सदस्यों ने कहा कि हमारे अविभावक हमे बचपन से ही चित्रगुप्त की पूजा करने की सिखाया गया है। चित्रांश महापरिवार से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से भव्यता नजर आता है और आपस में एकजुटता दिखती है। मौके पर संयोजक डॉक्टर रमेश वर्मा, एस कुमार सहित संजय अम्बाष्ठ, संतोष सिन्हा, डबलू सिन्हा, संजय सिन्हा, लव अम्बाष्टा, बीडी सिन्हा, संतोष श्रीवास्तव, सुखेन प्रसाद सिन्हा, शंकर दयाल सिन्हा, कपिल प्रसाद सिन्हा, शुभम सिन्हा, नवनीत सिन्हा, आदित्य सिन्हा, रूद्र सिन्हा, प्रकाश सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# कोक-ओवन मजदूरों की ऐतिहासिक जीत पर मनाया गया विजय उत्सव



**बोकारो, संवाददाता**

सेल/बोकारो इस्पात संयंत्र के कोक-ओवन सुदर्शन कैंटीन में क्रान्तिकारी इस्पात मजदूर संघ (हिंद मजदूर सभा) द्वारा गुरुवार अपराह्न एक भव्य विजय उत्सव आयोजित किया गया। यह उत्सव 17 अक्टूबर को धनबाद में हुई त्रिपक्षीय बैठक में मजदूरों की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जुम्मन खान ने की। मजदूरों ने फूल-मालाओं से संघ के महामंत्री सह एनजेसीएस सदस्य राजेंद्र सिंह का स्वागत किया और लड्डू बाँटकर खुशी जताई। राजेंद्र सिंह ने कहा कि यह जीत मजदूरों की चट्टानी एकता का परिणाम है। नियमित कर्मियों की इन्सेंटिव रिवॉर्ड स्कीम, ठेका मजदूरों के ग्रेड प्रमोशन, ग्रेच्युटी, सुरक्षा उपकरण और मेडिकल चेकअप की व्यवस्था पर सहमति बनी है। ठेका मजदूरों की ड्यूटी आने-जाने की अवधि को कार्य समय में जोड़ा जाएगा तथा उन्हें बोनस और अन्य सुविधाएँ नियमित कर्मियों के समान मिलेंगी। विजय उत्सव में आर.के. सिंह, शशिभूषण, आनंद कुमार, अभय शर्मा, हरेराम सिंह, सिराज अहमद, मोहन मांझी सहित कई मजदूर नेता उपस्थित रहे।

